उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0 प्र0 सरकार का उपक्रम)

U.P. POWER CORPORATION LTD.

(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)

शक्तिभवन,14–अशोक मार्ग
Shakti Bhawan, 14-Ashok Marg,
लखनऊ–226 001 Lucknow-226 001

संख्या– 3097 / म0प्र0(वि0प्र0) / एफ– ।।। / सी0पी0एफ0 दिनांक: 19 मार्च, 2005

कार्यालय ज्ञाप

सचिव ट्रस्ट, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,अंशदायी भविष्य निधि ट्रस्ट ने पत्र सं01915–पी. एड आर/28/पाकालि–202–8काविनि/2001दिनांक 06 जून,2003दिनांक द्वारा अवगत कराया है कि दिनांक 14-01-2000 के पश्चात उ0प्र0पावर कारपोरेशन में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि योजना से आवृत्त होंगे । इन कर्मचारियों/अधिकारियों के मासिक वेतन से मूल वेतन का 10 प्रतिशत कर्मचारी अंशदान काट कर सचिव ट्रस्ट अंशदायी भविष्य निधि योजना को आगामी माह के 07 तारीख तक जमा किया जाना है , साथ ही साथ नियोक्ता के अंशदान के रुप मे भी मूल वेतन का मात्र 10 प्रतिशत सचिव ट्रस्ट अंशदायी भविष्य निधि योजना को उपरोक्त कर्मचारी अंशदान के साथ जमा किया जाना है ।

अतः यह निर्देशित किया जाता है कि सभी आहरण एवं वितरण अधिकारी अंशदायी भविष्य निधि योजना से आवृत्त अधिकारियों/ अधिकारिकों के मूल वेतन से की गयी कटौती एवं नियोक्ता अंशदान के रुप में मूल वेतन के 10 प्रतिशत के समतुल्य धनराशि प्रत्येक माह की 07 तारीख तक सीधे सचिव ट्रस्ट, अंशदायी भविष्य निधि योजना को उनके द्वारा निर्धारित प्रकिया के अनुसार प्रेषित करना सुनिश्चित करें । नियोक्ता अंशदान की राशि की मांग वेतन मांगपत्र एवं सत्यापन के साथ पृथक दर्शाते हुए निधि प्रबंध को प्रेषित करें । जिसे वेतन के साथ मुख्यालय से आहरण एव वितरण अधिकारियो को निर्गत किया जाऐगा । इस संदर्भ मे लेखा निर्देश कार्यालय ज्ञाप सं0 699 पीसीएल/सीए–एस/1 दिनांक 13–11–2003 द्वारा पहले से ही निर्गत किया जा चुके है ।

(ए0के0 अग्रवाल)
महा प्रबंधक (वित्त प्रबंध)

पत्रांक: / म0प्र0 / विप्र / एफ–111 / सीपीएफ तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. सचिव ट्रस्ट उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0, अंशदायी भविष्य निधि योजना, शक्ति भवन, लखनऊ ।
2. समस्त महा प्रबधक(पारेषण),उ0प्र0पा0का0लि0 ।
3. समस्त उप महा प्रबंधक, उ0प्र0पा0का0लि0 ।
4. समस्त उप मुख्य लेखधिकारी (पारेषण), क्षे0ले0का0, उ0प्र0पा0का0लि0 ।
5. समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारी, उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0,
6. उप मुख्य लेखाधिकारी निधि(तृतीय),उ0प्र0पा0का0लि0 लखनऊ ।

(ए0के0 अग्रवाल)
महा प्रबंधक(वि0प्र)

AAO (F-III)